सोमवार, 2 मार्च, 2026

www.tvbharatvarsh.in

E-PAPER

कुल पृष्ठ–08



सलमान आगा की कप्तानी पर उठे सवाल

Page-04

# भारतवर्ष

सच्ची खबर, सीधे आपके लिए

विष्णु मांचू ने साझा किया मिडिल ईस्ट तनाव का वीडियो

Page-05



## ईरान पर अमेरिका-इजराइल के हमले से भारत में तेल और शेयर बाजार पर खतरा

राष्ट्रीय, टीवी भारतवर्ष

अमेरिका और इजराइल के हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद मिडिल-ईस्ट में तनाव बढ़ गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर यह जंग लंबी चली और अहम तेल मार्ग 'होर्मुज स्ट्रेट' बंद हो गया, तो अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आ सकती है, जिसका असर सीधे भारत में पेट्रोल-डीजल, शेयर बाजार और कीमती धातुओं जैसे सोना-चांदी पर पड़ सकता है।दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 95 प्रति लीटर से बढ़कर 105 तक जा सकती है, जबकि डीजल 88 से 96 तक पहुँच सकता है। इसका प्रमुख कारण यह है कि भारत अपनी जरूरत का लगभग 90% तेल आयात करता है, जिसमें से करीब 50% क्रूड होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते आता है।विशेषज्ञों का मानना है कि अगर ईरान यह मार्ग ब्लॉक करता है, तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की सप्लाई घट जाएगी और कच्चे तेल की कीमतें 100 से 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं। फिलहाल ब्रेंट क्रूड 70 डॉलर प्रति बैरल के आसपास ट्रेड कर रहा है।विश्लेषकों का कहना है कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें भारत में इन्फ्लेशन को भी बढ़ा सकती हैं और उपभोक्ताओं पर दबाव डाल सकती हैं। इसके अलावा शेयर बाजार में भी इस तनाव का असर दिख सकता है क्योंकि एनर्जी सेक्टर और अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर निर्भर कंपनियों के शेयरों में अस्थिरता आ सकती है।

## BJP नेता नितिन नवीन का बड़ा दावा



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने रविवार को दावा किया कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची से ''50 लाख से अधिक घुसपैठियों'' को हटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में ''अवैध प्रवासियों का समय समाप्त हो गया है।'' नवीन का यह बयान पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के बाद मतदाता सूची के प्रकाशन के एक दिन बाद है, जिसमें 63.66 लाख नाम हटा दिए गए हैं। कूच बिहार में पार्टी की 'परिक्रमा यात्रा' को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के बाद एक रैली को संबोधित करते हुए नवीन ने आरोप लगाया कि जिन्हें मतदाता सूची से हटाया गया है वे ''घुसपैठिए'' थे, जो सरकारी नौकरियों और वास्तविक नागरिकों के लिए बनी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा रहे थे।



# ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की हुई मौत

**अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत मिडिल-ईस्ट में सुरक्षा और राजनीतिक संकट को बढ़ा सकती है।**

- **खामेनेई के ऑफिस कॉम्प्लेक्स पर मिसाइल हमले में उनकी परिवार और 40 कमांडर्स की भी मौत हुई।**
- **ईरानी सेना ने क्षेत्रीय जवाबी हमलों की चेतावनी दी और इजराइल समेत कई देशों में हमले शुरू कर दिए हैं।**

मिडिल-ईस्ट में तनाव चरम पर पहुंच गया है। इजराइल और अमेरिका ने पिछले 24 घंटे में ईरान पर 1,200 से अधिक बम गिराए। इजराइली वायुसेना के मुताबिक, इन हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई है।खामेनेई के ऑफिस कॉम्प्लेक्स पर शनिवार को 30 मिसाइलों से हमला किया गया। इस हमले में उनकी बेटी, दामाद, बहू और पोती के साथ-साथ कॉम्प्लेक्स में मौजूद लगभग 40 कमांडर्स भी मारे गए। हमले के समय खामेनेई कमांडर्स के साथ मीटिंग कर रहे थे।इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शनिवार देर रात खामेनेई के मारे जाने की पुष्टि की। इसके कुछ देर बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी उनके मारे जाने का दावा किया। रविवार सुबह ईरानी सरकारी मीडिया एजेंसियों 'तसनीम' और 'फार्स' ने इस घटना की पुष्टि की।ईरानी सेना ने बयान जारी कर कहा कि वह सबसे खतरनाक अभियान की शुरुआत करने जा रही है। ईरान ने इजराइल समेत मिडिल-ईस्ट के कई देशों में हमले शुरू कर दिए हैं। इजराइल में हुए एक हमले में कम से कम 8 लोगों की मौत हो गई है। हालात इतने तनावपूर्ण हैं कि पूरे क्षेत्र में सुरक्षा और हवाई यातायात प्रभावित हुआ है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस संघर्ष का असर न केवल मिडिल-ईस्ट बल्कि वैश्विक सुरक्षा और तेल आपूर्ति पर भी पड़ सकता है।

## ईरान-मिडिल ईस्ट के हालात पर चर्चा की संभावना, पीएम मोदी बुलाई CCS की बैठक



राष्ट्रीय, टीवी भारतवर्ष

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज केंद्रीय मंत्रिपरिषद की समिति (CCS) की उच्च स्तरीय बैठक बुलाई है, जिसमें ईरान और मध्य-पूर्व के हालात पर विस्तार से चर्चा होने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार, बैठक में मिडिल-ईस्ट में जारी मिलिट्री ऑपरेशन, वहां रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा, ऊर्जा आपूर्ति पर संभावित असर और क्षेत्रीय स्थिरता से जुड़े मुद्दों पर विचार किया जाएगा। मध्य-पूर्व में जारी संघर्ष के कारण ग्लोबल मार्केट, खासकर क्रूड ऑयल की कीमतों में तेजी देखी जा रही है, जिससे ऊर्जा आयातक देशों के लिए हालात पर करीबी नजर रखना आवश्यक हो गया है। बैठक में रक्षा, विदेश और गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। संभावना है कि भारतीय दूतावासों को अलर्ट रहने और जरूरत पड़ने पर भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकालने के निर्देश दिए जाएं। इसके अलावा समुद्री रास्तों और रणनीतिक आपूर्ति लाइनों की सुरक्षा पर भी चर्चा की जा सकती है।

## संजू सैमसन ने ध्वस्त किए सारे समीकरण

# भारत टी-20 वर्ल्डकप के सेमीफाइनल में

- **भारत की आधी टीम पवेलियन लौट चुकी थी, लेकिन सैमसन एक छोर पर टिके हुए थे। सैमसन ने 20वां ओवर डालने आए रोमारियो शेफर्ड की दूसरी गेंद पर चौका लगाया और टीम को सेमीफाइनल में पहुंचा दिया।**



भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। अब टीम 5 मार्च को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड से भिड़ेगी। आखिरी सुपर-8 मैच में भारत ने वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हराया। संजू सैमसन ने सबसे ज्यादा नाबाद 97 रन बनाए। कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए मुकाबले में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 195 रन बनाए। जवाब में भारत ने 19.2 ओवर में 5 विकेट पर जीत हासिल कर ली। सैमसन ने रोमारियो शेफर्ड की दूसरी बॉल पर चौका लगाया। वे प्लेयर ऑफ द मैच रहे। 196 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय पारी डगमगाई। टीम ने अभिषेक शर्मा (10 रन) और ईशान किशन (10 रन) के विकेट पावरप्ले के अंदर 41 रन पर गंवा दिए थे। यहां से संजू सैमसन ने मोर्चा संभाला और एक छोर से टिके रहे। उन्होंने सूर्यकुमार यादव 35 बॉल पर 58 रन की साझेदारी करके भारतीय पारी को संभाला। साथ ही तिलक वर्मा के साथ 42, हार्दिक पंड्या के साथ 38 और शिवम दुबे के साथ नाबाद 20 की साझेदारी करके भारत को जीत दिला दी। भारतीय ड्रेसिंग रूम में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। भारत का सामना अब सेमीफाइनल में पांच मार्च को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड से होगा।

## पीएम मोदी ने तमिलनाडु-पुडुचेरी में 7,100 करोड़ के विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु और पुडुचेरी में कुल 7,100 करोड़ रुपये की लागत वाले विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं का उद्देश्य क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर, ऊर्जा और सामाजिक विकास को बढ़ावा देना है।पीएम मोदी ने कहा कि यह निवेश न केवल स्थानीय रोजगार के अवसर बढ़ाएगा, बल्कि आर्थिक विकास को भी नई गति देगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजनाओं को समय पर पूरा किया जाए और गुणवत्ता बनाए रखी जाए।इन परियोजनाओं में सड़क, ऊर्जा आपूर्ति, जल प्रबंधन, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र के प्रोजेक्ट शामिल हैं। तमिलनाडु और पुडुचेरी की जनता को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और राज्य के आर्थिक विकास में यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

## पुतिन ने जताई संवेदना

# अमेरिका-इजराइल के हमलों को बताया अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन

अंतरराष्ट्रीय, टीवी भारतवर्ष

रूस ने ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के बाद अपनी कड़ी नाराजगी जताई है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन को भेजे शोक संदेश में कहा कि इस्लामी गणराज्य ईरान के सर्वोच्च नेता की हत्या पर मेरी गहरी संवेदना स्वीकार करें। पुतिन ने इसे मानवीय नैतिकता और अंतरराष्ट्रीय कानून के सभी नियमों का स्पष्ट उल्लंघन बताया। उन्होंने कहा कि रूस में खामेनेई को एक बड़े नेता के रूप में याद किया जाएगा और रूस-ईरान संबंधों को मजबूत करने में उनका अहम योगदान



रहा।ईरानी सरकारी टेलीविजन ने भी खामेनेई की मौत की पुष्टि की है। इसके बाद ईरान ने नए हमले शुरू किए, जबकि इस्राइल ने तेहरान पर जवाबी कार्रवाई की। पुतिन ने अमेरिका और इजराइल के हमलों पर कोई सीधी टिप्पणी नहीं की।रूस के वरिष्ठ राजनयिकों ने चेतावनी दी कि अमेरिका और इजराइल के हमले क्षेत्र को परमाणु संकट के कगार पर ले जा सकते हैं और तनाव और बढ़ा सकते हैं।संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में रूस के स्थायी प्रतिनिधि वेसिली नेबेंज्या ने इन हमलों को कूटनीति के साथ विश्वासघात बताया। उन्होंने पश्चिमी देशों के तर्क को खारिज किया कि ईरान परमाणु हथियार हासिल करना चाहता था और इसे पूरी तरह बेबुनियाद बताया। नेबेंज्या ने कहा कि कूटनीतिक प्रक्रिया में शामिल होने की इच्छा रखने के बावजूद एक बार फिर तेहरान की पीठ में छुरा घोंपा गया है।



# ईरान पर हमलों के बाद मध्य पूर्व में बढ़ा तनाव

## हालात की समीक्षा के लिए पीएम मोदी की अध्यक्षता में सीसीएस की अहम बैठक

**ईरान पर अमेरिका-इज़राइल हमलों के बाद मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली पहुंचते ही सीसीएस की बैठक करेंगे। बैठक में क्षेत्रीय हालात और वहां फंसे भारतीयों की सुरक्षा पर चर्चा होगी।**



टीवी भारतवर्ष अंतर्राष्ट्रीय

भारत सरकार के सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दो दिवसीय विदेश दौरे के समापन के बाद रविवार रात राष्ट्रीय राजधानी पहुंचेंगे और इसके तुरंत बाद कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) की अहम बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह बैठक ईरान पर अमेरिका और इज़राइल के हमलों के बाद मध्य पूर्व में तेजी से बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच हो रही है, जिस पर भारत सरकार गहनता से नजर बनाए हुए है। सूत्रों के मुताबिक, सीसीएस बैठक में पश्चिम एशिया में बिगड़ते हालात, क्षेत्रीय सुरक्षा, वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर संभावित प्रभाव और वहां रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। हालिया घटनाक्रम को देखते हुए यह बैठक अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।दरअसल, इज़राइल और संयुक्त राज्य अमेरिका ने 'ऑपरेशन रोरिंग लायन' और 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' के तहत ईरान के कई शहरों में समन्वित हवाई हमले किए। इन हमलों में ईरान के सैन्य कमान केंद्रों, वायु रक्षा प्रणालियों, मिसाइल ठिकानों और प्रमुख शासनगत बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया। रिपोर्टों के अनुसार, इन हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई समेत चार वरिष्ठ सैन्य और सुरक्षा अधिकारियों की मौत हो गई। राजधानी तेहरान और अन्य प्रमुख शहरों में बड़े पैमाने पर विस्फोटों की खबरें सामने आई हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इन हमलों को "ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने" के उद्देश्य से उठाया गया कदम बताया है। वहीं, ईरान ने इन हमलों का कड़ा जवाब देते हुए पूरे क्षेत्र में अमेरिकी ठिकानों और उनके सहयोगियों पर बैलिस्टिक मिसाइलें और ड्रोन दागे। इन हमलों में इज़राइल के अलावा बहरीन, कुवैत, क़तर, संयुक्त अरब अमीरात और जॉर्डन को भी निशाना बनाया गया।रविवार को इज़राइल ने दावा किया कि उसने "तेहरान के केंद्र" पर नए हमले किए हैं। इसी बीच, ईरान द्वारा दुक्म बंदरगाह पर हमला करने और ओमान के तट के पास एक तेल टैंकर को निशाना बनाए जाने की खबरों से क्षेत्रीय और वैश्विक चिंता और बढ़ गई है। इज़राइल के रक्षा मंत्री इज़राइल काट्ज़ ने कहा है कि ईरान पर हमले "जब तक आवश्यक होगा तब तक जारी रहेंगे" और लक्ष्य हासिल होने से पहले नहीं रुकेंगे। यह बयान ऐसे समय आया है, जब पूरे पश्चिम एशिया में युद्ध जैसे हालात बनते जा रहे हैं।इस बढ़ते संकट के बीच भारत में भी राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। कई भारतीय नेताओं ने प्रभावित देशों में फंसे भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की है। पिनारयी विजयन ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर पश्चिम एशिया में फंसे भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। उन्होंने हेल्पलाइन सेवाएं शुरू करने और प्रवासी भारतीयों की सुरक्षित वापसी के लिए केरल सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया है। मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में कहा कि मौजूदा हालात में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। माना जा रहा है कि सीसीएस बैठक में इन सभी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा कर आगे की रणनीति तय की जाएगी।

### ईरान की जवाबी कार्रवाई से दुबई में दहशत, मिसाइल इंटरसेप्शन के बीच गूंजे धमाके



टीवी भारतवर्ष राष्ट्रीय

दुबई के कई इलाकों में उस समय दहशत फैल गई, जब ईरान ने अमेरिका और इज़रायल के संयुक्त हमलों के जवाब में खाड़ी क्षेत्र की ओर मिसाइलें दागीं। यह कार्रवाई हाल ही में ईरान पर किए गए अमेरिकी-इज़रायली हवाई हमलों की प्रतिक्रिया के तौर पर की गई थी। देर रात तक दुबई के अलग-अलग हिस्सों में जोरदार धमाकों की आवाजें सुनाई देती रहीं, जिससे लोग सहम गए।स्थानीय निवासियों के अनुसार, लगातार हो रहे धमाकों से घरों की खिड़कियां हिलने लगीं और रात के आसमान में तेज रोशनी की चमकती लकीरें दिखाई देने लगीं। कई लोगों ने बताया कि आसमान में आग और धुएं की लंबी रेखाएं बनती नजर आईं, जिससे स्थिति और भयावह लगने लगी। यह दृश्य उस समय बना, जब एयर डिफेंस सिस्टम द्वारा आसमान में आने वाले प्रोजेक्टाइल्स को इंटरसेप्ट किया जा रहा था।एयर डिफेंस की कार्रवाई के चलते हुए विस्फोटों और तेज आवाजों ने घरों के भीतर मौजूद परिवारों की चिंता बढ़ा दी। कई इलाकों में लोग घरों से बाहर निकल आए, जबकि कुछ ने सुरक्षित स्थानों पर शरण ली।




## 'कोई साबित कर दे मैंने पैसे मांगे, तो राजनीति छोड़ दूंगा'

## अरविंद केजरीवाल का खुला चैलेंज

## खामेनेई की मौत पर रूस का कड़ा रुख

## पुतिन बोले— यह क्रूर और निंदनीय हत्या

टीवी भारतवर्ष अंतर्राष्ट्रीय



ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई की मौत पर रूस ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इस घटना को "क्रूर और निंदनीय हत्या" करार देते हुए अंतरराष्ट्रीय समुदाय से गंभीरता से संज्ञान लेने की अपील की है। पुतिन ने मसूद पेजेशकियान को भेजे शोक संदेश में कहा कि किसी संप्रभु राष्ट्र के सर्वोच्च नेता की हत्या मानव नैतिकता और अंतरराष्ट्रीय कानून के स्थापित मानदंडों का खुला उल्लंघन है।अपने संदेश में पुतिन ने कहा कि खामेनेई को रूस में एक दूरदर्शी राजनेता के रूप में याद किया जाएगा, जिन्होंने ईरान और रूस के बीच संबंधों को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व में द्विपक्षीय रिश्ते सामान्य सहयोग से आगे बढ़कर व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक पहुंचे। पुतिन ने यह भी संकेत दिया कि इस घटनाक्रम के दूरगामी परिणाम न केवल पश्चिम एशिया, बल्कि वैश्विक सुरक्षा व्यवस्था पर भी पड़ सकते हैं।विश्लेषकों के अनुसार, ईरान के सर्वोच्च नेता की मौत ने पहले से ही अस्थिर पश्चिम एशिया को और अधिक विस्फोटक बना दिया है। संयुक्त राज्य अमेरिका और इज़रायल के खिलाफ ईरान की संभावित जवाबी कार्रवाई, प्रमुख वैश्विक शक्तियों की प्रतिक्रियाएं तथा ऊर्जा आपूर्ति पर पड़ने वाले प्रभाव आने वाले दिनों में अंतरराष्ट्रीय राजनीति की दिशा तय कर सकते हैं। मौजूदा हालात से यह स्पष्ट है कि क्षेत्र एक बार फिर गंभीर और खतरनाक भू-राजनीतिक संकट के दौर में प्रवेश कर चुका है।

## ईरान घटनाक्रम पर चीन का कड़ा रुख

## सैन्य कार्रवाई रोकने की अपील

टीवी भारतवर्ष राष्ट्रीय



ईरान से जुड़े हालिया घटनाक्रम पर चीन ने भी सख्त प्रतिक्रिया व्यक्त की है। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से टेलीफोन पर बातचीत कर ईरान पर अमेरिका और इज़रायल द्वारा किए गए हमलों को अस्वीकार्य करार दिया। वांग यी ने कहा कि यह हमला ऐसे समय किया गया, जब संयुक्त राज्य अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता की प्रक्रिया चल रही थी, जो स्थिति को और अधिक गंभीर बनाता है।चीन के विदेश मंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी संप्रभु देश के सर्वोच्च नेता की हत्या और वहां की जनता को सत्ता परिवर्तन के लिए उकसाने जैसी कार्रवाइयों को अंतरराष्ट्रीय समुदाय को पूरी तरह खारिज करना चाहिए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि ऐसे कदम न केवल अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन हैं, बल्कि क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए भी गंभीर खतरा पैदा करते हैं।चीन ने अमेरिका और इज़रायल से ईरान में तत्काल अपनी सैन्य कार्रवाई रोकने की अपील की है। इसके साथ ही बीजिंग ने बातचीत और संवाद की प्रक्रिया को दोबारा शुरू करने तथा किसी भी एकतरफा सैन्य कदमों के संयुक्त विरोध की आवश्यकता पर जोर दिया। चीन का कहना है कि केवल कूटनीतिक समाधान ही मौजूदा संकट से निकलने का स्थायी रास्ता हो सकता है।

# अमेरिका-इज़रायल के हवाई हमले

## ईरान के दक्षिण में गर्ल्स स्कूल पर बमबारी का दावा, 148 छात्राओं की मौत

टीवी भारतवर्ष अंतर्राष्ट्रीय



ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी ने दावा किया है कि संयुक्त राज्य अमेरिका और इज़रायल के संयुक्त हवाई हमलों में देश के दक्षिणी हिस्से में स्थित एक गर्ल्स स्कूल को निशाना बनाया गया, जिसमें कम से कम 148 छात्राओं की मौत हो गई। यह हमला शनिवार को मिनाब शहर में किए जाने का दावा किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, यह कार्रवाई अमेरिका और इज़रायल द्वारा ईरान के कई इलाकों में चलाए गए व्यापक सैन्य अभियान का हिस्सा थी।ईरानी सरकारी मीडिया के मुताबिक, मीनाब स्थित शजारेह तैय्येबेह गर्ल्स प्राइमरी स्कूल पर हमले के दौरान बम गिरा, जिससे स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं की मौके पर ही मौत हो गई। अधिकारियों का कहना है कि मृतकों की संख्या बढ़कर 148 हो गई है, जबकि 95 अन्य घायल हुई हैं। मृतक छात्राओं में से अधिकांश की उम्र 7 से 12 वर्ष के बीच बताई गई है। घायलों का स्थानीय अस्पतालों में इलाज जारी है।इन हमलों के दौरान ईरान के अन्य अहम ठिकानों को भी निशाना बनाए जाने का दावा किया गया है। शुरुआती चरण में राजधानी तेहरान में सुप्रीम लीडर से जुड़े दफ्तरों के आसपास कई धमाकों की आवाज़ें सुनी गईं और आसमान में धुएं के गुब्बारे उठते देखे गए। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान में बड़े सैन्य अभियान शुरू हो चुके हैं और उन्होंने ईरानी जनता से अपनी सरकार के खिलाफ खड़े होने की अपील की। वहीं इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि यह कार्रवाई ईरानी लोगों को अपने भविष्य का फैसला खुद करने का अवसर देगी।इन हमलों के जवाब में ईरान ने इज़रायल पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए। इसके साथ ही बहरीन, कुवैत और क़तर में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों को भी निशाना बनाए जाने की खबर है। अबू धाबी में मिसाइल के मलबे के गिरने से एक व्यक्ति की मौत की सूचना भी सामने आई है।स्थिति के और बिगड़ने के बाद संयुक्त अरब अमीरात और इराक ने एहतियातन अपने हवाई क्षेत्र अस्थायी रूप से बंद कर दिए हैं। ईरान के विदेश मंत्री ने कड़ा बयान जारी करते हुए कहा है कि देश अपनी रक्षा के लिए पूरी ताकत से जवाब देगा। विश्लेषकों का मानना है कि यह टकराव पश्चिम एशिया में बड़े युद्ध की आशंका को और गहरा करता जा रहा है।

## संपादक की कलम से

ईरान और इज़राइल के बीच सुरू हुआ संघर्ष अब केवल मध्य पूर्व का मामला नहीं रह गया है; इसका प्रभाव प्रत्यक्ष रूप से भारत की आर्थिक, सुरक्षा और बाह्य नीति पर गहरा असर डाल रहा है। पिछले कुछ दिनों में दोनों पक्षों के हमलों और इसके जवाबी कार्रवाइयों से वैश्विक राजनीति एक गंभीर मोड़ पर खड़ी हो गई है, जिससे भारत को कई जटिल चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।सबसे बड़ा असर ऊर्जा सुरक्षा और कच्चे तेल की कीमतों पर दिखाई दे रहा है। मध्य पूर्व के तनाव के कारण वैश्विक तेल की आपूर्ति प्रभावित होने का जोखिम बढ़ गया है, क्योंकि महत्वपूर्ण व्यापार मार्ग हॉर्न ऑफ होरमज़ पर संकट के कारण संकट मंडरा रहा है। इससे कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आने की आशंका जताई जा रही है, जिसका सीधा असर भारतीय अर्थव्यवस्था और महंगाई पर पड़ेगा।भारत की आर्थिक स्थिति पर संभावित प्रभाव के संकेत पहले ही दिखने लगे हैं। निर्यात को संभावित व्यवधान हो सकता है, खासकर चावल, चाय और फलों जैसी वस्तुओं के निर्यात में बाधा आ सकती है, क्योंकि खाड़ी और पश्चिम एशिया की अर्थव्यवस्थाओं के साथ भारत के व्यापार संबंध गहरे हैं। इससे भारतीय निर्यातकों को नुकसान उठाना पड़ सकता है।वैश्विक वित्त बाजारों पर भी इसका असर दिख रहा है। कच्चे तेल की कीमतों के बढ़ने से भारतीय शेयर बाजार में अस्थिरता बढ़ सकती है और निवेशक अनिश्चितता के कारण बाजार में झटका महसूस कर सकते हैं।यात्रा और वायु मार्ग भी प्रभावित हुए हैं, क्योंकि कई खाड़ी देशों और आसपास के हवाई क्षेत्रों ने हवाई मार्ग बंद कर दिये हैं, जिससे अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन बाधित हुआ है। इससे व्यापार और यात्री सुविधाओं पर असर पड़ा है और कई भारतीय यात्रियों की योजनाएं प्रभावित हुई हैं।सुरक्षा दृष्टिकोण से भी यह तनाव महत्वपूर्ण है। भारत के पास खाड़ी क्षेत्र में बड़ी संख्या में प्रवासी नागरिक, व्यापारिक हित तथा रणनीतिक निवेश मौजूद हैं। यदि संघर्ष गहराता है, तो इन नागरिकों की सुरक्षा, निवेशों की सुरक्षा तथा भारत की कूटनीतिक संतुलन नीति पर दबाव बढ़ सकता है।इन सब परिस्थितियों के बीच भारत को वैश्विक शांति और स्थिरता के पक्ष में मजबूत कूटनीतिक रुख अपनाते हुए सभी पक्षों से संवाद और संघर्ष समाप्ति की पहल जारी रखनी होगी। ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना भारत की प्राथमिकता होनी चाहिए। युद्ध का प्रभाव दूरस्थ दिख सकता है, लेकिन इसके आर्थिक और सामाजिक निशान भारत में दीर्घकालिक हो सकते हैं।

# तमिलनाडु में एनडीए की सरकार बनेगी

## डीएमके को सत्ता से बाहर करने का जनता ने मन बना लिया: प्रधानमंत्री मोदी

***प्रधानमंत्री मोदी ने 2021 के विधानसभा चुनावों का उल्लेख करते हुए कहा कि करीब 25 वर्षों के बाद डीएमके को अपने दम पर पूर्ण बहुमत मिला था, लेकिन इस अवसर का उपयोग सुशासन देने के बजाय सत्ता के दुरुपयोग में किया गया।***



**टीवी भारतवर्ष राष्ट्रीय**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य की सियासत पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कुछ लोग तमिलनाडु में दोबारा सत्ता में लौटने का सपना देख रहे हैं, लेकिन एनडीए की इस ऐतिहासिक रैली को देखकर उनके सपने अब दुःस्वप्न में बदल जाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह चुनाव तमिलनाडु के भविष्य के लिए निर्णायक मोड़ साबित होगा। जनता ने अपना मन बना लिया है और अब राज्य में बदलाव निश्चित है। उन्होंने दावा किया कि लोगों ने तय कर लिया है कि डीएमके को सत्ता से बाहर करना है और केवल एनडीए ही तमिलनाडु को विकास की नई दिशा दे सकता है।प्रधानमंत्री मोदी ने 2021 के विधानसभा चुनावों का उल्लेख करते हुए कहा कि करीब 25 वर्षों के बाद डीएमके को अपने दम पर पूर्ण बहुमत मिला था, लेकिन इस अवसर का उपयोग सुशासन देने के बजाय सत्ता के दुरुपयोग में किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि डीएमके सरकार ने राज्य को लूटने का काम किया, वंशवादी राजनीति को बढ़ावा दिया और आम जनता की समस्याओं की अनदेखी की। उन्होंने कहा कि डीएमके का शासन भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण और कुशासन का प्रतीक बन चुका है।प्रधानमंत्री ने विशेष रूप से मदुरै का जिक्र करते हुए कहा कि यह शहर हमेशा महान नेता एमजीआर के साथ खड़ा रहा, जो मदुरै से गहरा प्रेम करते थे। इसके बावजूद डीएमके ने कभी मदुरै के विकास को प्राथमिकता नहीं दी। उन्होंने आरोप लगाया कि डीएमके ने मदुरै में माफिया जैसी राजनीति को बढ़ावा दिया, जिसके कारण शहर की बुनियादी सुविधाएं बदहाल हो गईं। प्रधानमंत्री ने कहा कि खराब जल निकासी व्यवस्था, अपशिष्ट प्रबंधन की कमी और स्वच्छता पर ध्यान न देने के कारण मदुरै राष्ट्रीय स्वच्छता रैंकिंग में सबसे निचले पायदान पर पहुंच गया। भ्रष्टाचार के मामलों के चलते महापौर को इस्तीफा देना पड़ा, जो डीएमके शासन की विफलता को दर्शाता है।इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने सुबह मदुरै स्थित अरुलमिगु सुब्रमण्य स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने बताया कि उन्होंने कार्तिकई दीपम विवाद के दौरान आत्मदाह करने वाले भक्त पूर्णचंद्रन के परिवार से मुलाकात की और उन्हें न्याय का भरोसा दिलाया। प्रधानमंत्री ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस फैसले का विरोध करने पर डीएमके की कड़ी आलोचना की, जिसमें भक्तों को तिरुपरनकुंड्रम पहाड़ी की चोटी पर स्थित दीपा थून पर औपचारिक दीपक जलाने की अनुमति दी गई थी।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि डीएमके ने न केवल प्रशासनिक मोर्चे पर बल्कि आस्था और परंपराओं के मुद्दे पर भी जनता की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने विश्वास जताया कि सत्य की जीत होगी और भगवान मुरुगन का आशीर्वाद तमिलनाडु की जनता के साथ रहेगा। प्रधानमंत्री ने अंत में कहा कि तमिलनाडु की अगली सरकार एनडीए की होगी और राज्य एक बार फिर विकास, सुशासन और सांस्कृतिक गौरव के मार्ग पर आगे बढ़ेगा।

## जन आशीर्वाद यात्रा में उमड़ा जनसैलाब, जनता के समर्थन से उत्साहित सीएम हिमंता बिस्वा सरमा

**टीवी भारतवर्ष राष्ट्रीय**

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने रविवार को आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों के बीच भारतीय जनता पार्टी की 'जन आशीर्वाद यात्रा' के दूसरे दिन जनता से मिल रहे व्यापक समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के लोग बीते पांच वर्षों में भूमि अधिकार, रोजगार और अवैध अतिक्रमण के खिलाफ की गई कार्रवाइयों को लेकर खुलकर समर्थन जता रहे हैं।मीडियाकर्मियों से बातचीत में मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि वह असम की जनता के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार रात यात्रा देर रात 12:30 बजे तक चली और हर स्थान पर भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि जनता ने उन्हें पूर्ण समर्थन दिया है, जो आगामी चुनावों के लिए एक मजबूत संकेत है।मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि सरकार का स्पष्ट संदेश है कि राज्य से सभी अवैध अतिक्रमणकारियों को हटाया जाएगा। उन्होंने स्वीकार किया कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि इतनी बड़ी संख्या में लोग यात्रा में शामिल होंगे। सरमा ने कहा कि लोग पिछले पांच वर्षों में सरकार द्वारा किए गए कार्यों को पहचान रहे हैं और उन्हें उम्मीद है कि इस बार भाजपा को और भी मजबूत जनादेश मिलेगा। उन्होंने बताया कि कई लोग उनसे मिलकर नौकरी मिलने, भूमि अधिकार प्राप्त होने या अवैध घुसपैठ के खिलाफ सख्त कदम उठाने के लिए आभार व्यक्त कर रहे हैं।शनिवार को मुख्यमंत्री ने ढेकियाजुली निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा की 'जन आशीर्वाद यात्रा' का औपचारिक शुभारंभ किया। यह यात्रा गुप्तेश्वर मंदिर से शुरू हुई। पहले चरण के शुभारंभ के दौरान मुख्यमंत्री ने पार्टी के आगामी प्रयासों के लिए जनता से समर्थन और आशीर्वाद मांगा। पार्टी का लक्ष्य प्रतिदिन लगभग एक लाख लोगों से सीधा संवाद स्थापित करना है। भाजपा ने इस यात्रा के पहले चरण को आठ दिनों तक चलाने की घोषणा की है, जो 9 मार्च तक जारी रहेगा।भाजपा के अनुसार, जन आशीर्वाद यात्रा के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाई जाएगी, साथ ही आगामी असम विधानसभा चुनाव 2026 के लिए नागरिकों का समर्थन भी मांगा जाएगा।इससे पहले मुख्यमंत्री सरमा ने विधानसभा चुनाव अभियान को गति देने के लिए भाजपा के चुनावी गीत भी जारी किए। अटल बिहारी वाजपेयी भवन, गुवाहाटी में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने 2026 विधानसभा चुनाव के लिए तीन चुनावी गीतों का आधिकारिक विमोचन किया, जिन्हें पार्टी के प्रचार अभियान का अहम हिस्सा बताया जा रहा है।



# ईरान पर ट्रंप–इज़राइल के हमले निंदनीय


## क्षेत्र को अस्थिर कर देंगे: ओवैसी

**टीवी भारतवर्ष राष्ट्रीय**

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने ईरान पर अमेरिका और इज़राइल के कथित सैन्य हमलों की कड़ी निंदा की है। सोशल मीडिया पर जारी बयान में ओवैसी ने कहा कि यह हमला पूरी तरह अनैतिक और गैरकानूनी है, खासकर ऐसे समय में जब ईरान और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच जिनेवा में बातचीत चल रही थी। उन्होंने लिखा कि ईरान में 200 से अधिक लोगों की मौत की खबरें सामने आई हैं, जिनमें एक गर्ल्स स्कूल पर हुए हमले में मारे गए 108 लोग भी शामिल बताए जा रहे हैं।ओवैसी ने अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि ईरान पर हमले तुरंत रोके जाने चाहिए, अन्यथा पूरा पश्चिम एशिया अस्थिरता की चपेट में आ सकता है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में भारतीय काम करते हैं और किसी बड़े संघर्ष का सीधा असर उन पर पड़ सकता है।ओवैसी ने ईरान पर इज़राइल के हमले और अफगानिस्तान के खिलाफ पाकिस्तान की सैन्य कार्रवाई की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि ये दोनों घटनाएं दर्शाती हैं कि इज़राइल और पाकिस्तान अपने-अपने पड़ोस में आक्रामकता और उपद्रव की ताकतें बनते जा रहे हैं। उनके अनुसार, इन कार्रवाइयों से क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को गंभीर खतरा पैदा हो गया है।यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका और इज़राइल द्वारा ईरान के ठिकानों पर समन्वित सैन्य हमलों के बाद पश्चिम एशिया में तनाव तेजी से बढ़ा है। कुछ रिपोर्टों में इन हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने का भी दावा किया गया है। इन कथित हमलों के चलते देशभर में भारी जानमाल के नुकसान की खबरें सामने आई हैं।इसी बीच, पाकिस्तान द्वारा काबुल और कंधार सहित कई अफगान शहरों पर हवाई हमले किए जाने के बाद पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव भी गंभीर हो गया है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने तालिबान के नेतृत्व वाली सरकार पर आतंकवादियों को पनाह देने का आरोप लगाते हुए अफगानिस्तान के खिलाफ "खुला युद्ध" घोषित किया है।



दोनों देशों की सीमा पर भारी जानमाल के नुकसान की खबरों के बीच, अफगानिस्तान ने बढ़ते संघर्ष के बावजूद बातचीत के लिए तत्परता जताई है।



# दारुण रात्रि के रूप में होलिका दहन का
## आध्यात्मिक महत्व और विशेष उपाय



2 मार्च 2026 को मनाया जाने वाला होलिका दहन धार्मिक, आध्यात्मिक और तांत्रिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। शास्त्रों के अनुसार वर्ष भर में चार ऐसी रात्रियां होती हैं जिन्हें विशेष रूप से ऊर्जावान और प्रभावशाली माना गया है, और होलिका दहन की रात उनमें से एक है। तंत्र और आगम शास्त्रों में इसे 'दारुण रात्रि' तथा 'सिद्धि की रात्रि' कहा गया है। मान्यता है कि इस रात किए गए मंत्र जाप, साधना और अनुष्ठान सामान्य दिनों की तुलना में कई गुना अधिक शीघ्र और प्रभावी फल देते हैं। पौराणिक दृष्टि से यह पर्व होलिका रूपी नकारात्मकता के दहन और भक्त प्रह्लाद की अटूट भक्ति व चेतना की विजय का प्रतीक है।यह अग्नि का पर्व है और होलिका की अग्नि को अत्यंत पावन माना जाता है। विश्वास है कि यह अग्नि संचित दोषों, नकारात्मक ऊर्जा और मानसिक विकारों को भस्म करने की क्षमता रखती है। साधक इस रात जागरण कर आत्म-शक्ति को जाग्रत करने का प्रयास करते हैं। हालांकि शास्त्रों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि किसी भी गुप्त या तांत्रिक साधना को बिना योग्य गुरु के मार्गदर्शन के नहीं करना चाहिए।पारंपरिक उपायों में शरीर पर सरसों या चने के आटे का उबटन लगाकर उसके सूखे अंश को एकत्र कर होलिका की अग्नि में समर्पित करना रोग और शोक के दहन का प्रतीक माना गया है। नजर दोष या व्यापारिक बाधाओं से मुक्ति के लिए सूखे नारियल का सात बार उतारा कर उसे अग्नि में अर्पित करने की परंपरा है। अगले दिन होलिका की ठंडी राख को घर के मुख्य द्वार पर छिड़कना सुरक्षा कवच के रूप में माना जाता है। साथ ही घर के मंदिर में शुद्ध घी का दीपक जलाकर और कपूर का धुआं करने से सकारात्मक ऊर्जा और शुद्धता का संचार होता है।

## डायबिटीज में सिर्फ मीठा ही नहीं, ये खाने-पीने की चीजें भी बढ़ा सकती हैं शुगर



बहुत से लोग सोचते हैं कि डायबिटीज होने पर सिर्फ चीनी या मीठा खाने से परहेज करना पर्याप्त है, लेकिन यह एक बड़ी गलतफहमी है। डायबिटीज पेशेंट्स की सेहत पर कई अन्य खाने-पीने की चीजें भी बुरा असर डाल सकती हैं। इसलिए अगर आपको डायबिटीज है, तो इन चीजों से दूरी बनाना बेहद जरूरी है।फ्राइड और प्रोसेस्ड फूड्स: केवल मीठा ही नहीं, फ्राइड और प्रोसेस्ड फूड्स जैसे चिप्स, नमकीन, समोसा, पिज्जा और बर्गर भी डायबिटीज मरीजों के लिए नुकसानदायक हैं। हेल्थ एक्सपर्ट्स का कहना है कि ये फूड्स डायबिटीज होने या न होने पर भी शरीर को हानि पहुंचाते हैं।कुछ फलों से परहेज: डायबिटीज पेशेंट्स को हाई ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाले फलों से परहेज करना चाहिए। इसमें आम, केला, चीकू, लीची और अंगूर शामिल हैं। ये फल शरीर में शुगर लेवल तेजी से बढ़ा सकते हैं।सैचुरेटेड फैट वाले उत्पाद: फुल क्रीम दूध, मक्खन, चीज और डालडा जैसी चीजें भी डायबिटीज मरीजों के लिए हानिकारक हैं और इन्हें कम से कम अपने डाइट प्लान में शामिल करना चाहिए।मैदे और कार्बोहाइड्रेट से दूरी: सफेद चावल, मैदा, ब्रेड, पास्ता, आलू, शकरकंद और अरबी जैसी चीजें तेजी से शुगर बढ़ा सकती हैं। इसके अलावा मीठी चाय और मीठी कॉफी को भी अपने डाइट प्लान से हटाना चाहिए।डायबिटीज में सिर्फ मीठा छोड़ देना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि ये अन्य चीजें भी शुगर लेवल और सेहत पर बड़ा असर डाल सकती हैं। इसलिए हमेशा हेल्थ एक्सपर्ट्स की सलाह के मुताबिक डाइट प्लान बनाना चाहिए।



# बड़े मैच में बरसे संजू सैमसन

## मिडिल-ईस्ट में तनाव के चलते अबू धाबी में पाकिस्तान शाहीन और इंग्लैंड लायंस का मुकाबला स्थगित

ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमलों के बाद मिडिल-ईस्ट में बढ़ते तनाव का असर खेल जगत पर भी दिखने लगा है। सुरक्षा कारणों से अबू धाबी में पाकिस्तान शाहीन और इंग्लैंड लायंस के बीच दूसरा 50 ओवर का मुकाबला रद्द कर दिया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) ने जानकारी दी कि यह मैच 1 मार्च को ओवल स्टेडियम में होना था, लेकिन मौजूदा हालात को देखते हुए इसे स्थगित करना पड़ा। यह निर्णय इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ECB) की सलाह पर लिया गया है।सुरक्षा स्थिति को ध्यान में रखते हुए आज कोई अभ्यास सत्र भी आयोजित नहीं किया जाएगा। PCB ने सभी खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ को निर्देश दिए हैं कि वे फिलहाल होटल में ही रहें। बोर्ड ने स्पष्ट किया कि खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और टीम मैनेजमेंट के साथ लगातार संपर्क में रहकर हालात पर नजर रखी जा रही है।PCB ने यह भी बताया कि जैसे ही मिडिल-ईस्ट का एयरस्पेस दोबारा खुलता है, बोर्ड फैसला करेगा कि शाहीन टीम को पाकिस्तान बुलाया जाए



या मौजूदा सुरक्षा स्थिति को ध्यान में रखते हुए सीरीज जारी रखी जाए। PCB और ECB के बीच लगातार बातचीत हो रही है और बदलते हालात का नियमित मूल्यांकन किया जा रहा है। मिडिल-ईस्ट में जारी तनाव का असर अन्य सीरीज पर भी पड़ सकता है। इस महीने संयुक्त अरब अमीरात में अफगानिस्तान और श्रीलंका के बीच T20I और ODI सीरीज खेली जानी है, जिसमें पहला T20 मुकाबला 13 मार्च को शारजाह में होना है।

## टी20 वर्ल्ड कप 2026: सुपर-8 में पाकिस्तान बाहर
## सलमान आगा की कप्तानी पर उठे सवाल



टी20 वर्ल्ड कप 2026 के आगाज से पहले जितने दावे पाकिस्तान की टीम ने किए थे, वे सुपर-8 में टीम के बाहर होते ही धरी की धरी रह गए। पाकिस्तान को 28 फरवरी को श्रीलंका के खिलाफ सुपर-8 के अहम मुकाबले में कम से कम 65 रनों से जीत हासिल करनी थी, लेकिन टीम केवल 5 रनों के अंतर से जीतने में सफल रही। इससे पाकिस्तान अपनी नेट रनरेट को न्यूजीलैंड से बेहतर करने में असफल रही और टूर्नामेंट में उनका सफर सेमीफाइनल से पहले ही समाप्त हो गया।श्रीलंका के खिलाफ हार के बाद पाकिस्तान के कप्तान सलमान आगा आलोचना के केंद्र में आ गए हैं। उनके नेतृत्व और रणनीति पर सवाल उठाए जा रहे हैं, और अब कप्तानी को लेकर कयास भी लगाए जाने लगे हैं।पोस्ट-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में जब सलमान आगा से उनके कप्तानी छोड़ने के सवाल किए गए, तो एक पत्रकार ने पूछा कि क्या वह खुद कप्तानी छोड़ेंगे या पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड उन्हें हटाएगा। इस सवाल के जवाब में सलमान आगा ने कहा कि अभी जो भी फैसले लेने की जरूरत है, वह बोर्ड के साथ विचार-विमर्श के बाद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि टीम की असफलता पर वे जिम्मेदारी लेते हैं, लेकिन इस समय किसी भी जल्दबाजी में कोई निर्णय नहीं लिया जाएगा।टी20 वर्ल्ड कप 2026 में पाकिस्तान की टीम की उम्मीदों पर यह हार बड़ा झटका साबित हुई है। अब टीम और बोर्ड के बीच भविष्य में कप्तानी और रणनीति को लेकर कई फैसले लिए जाने की संभावना है।

## ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ने ODI से लिया संन्यास

ऑस्ट्रेलिया की दिग्गज महिला क्रिकेटर एलिसा हीली ने वनडे क्रिकेट को अलविदा कह दिया है. उन्होंने 1 मार्च को भारत के खिलाफ अपने करियर का आखिरी मैच खेला. अपने रिटायरमेंट मैच में एलिसा हीली ने 158 रनों की शतकीय पारी खेल, कंगारू टीम को भारत पर 185 रनों की बड़ी जीत दिलाने में मदद की. एलिसा हीली ने कप्तान रहते क्रिकेट से संन्यास लिया है. दरअसल उन्होंने इसी साल जनवरी में एलान करके बताया था कि वो भारत के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज के समापन के बाद इस फॉर्मेट को अलविदा कह देंगी. सामान्य रूप से वो एक विकेटकीपर हैं, लेकिन अपने वनडे रिटायरमेंट मैच में उन्होंने 2 ओवर गेंदबाजी भी की. उन्होंने अपनी कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया को अंतिम सीरीज में भारत पर 3-0 से जीत दिलाई. भारत ने टी20 सीरीज में ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराया था, उसके बाद 3 मैचों की वनडे सीरीज में ऑस्ट्रेलिया ने 3-0 से जीत दर्ज की. अब 6 मार्च से दोनों टीमों के बीच एक टेस्ट मैच शुरू होने वाला है. वो एलिसा हीली के अंतर्राष्ट्रीय करियर का आखिरी मैच होगा. वो पहले ही अपनी रिटायरमेंट की तारीख का खुलासा कर चुकी थीं. अपने वनडे करियर में एलिसा हीली ने 126 मैच खेले, जिनमें उन्होंने 3,777 रन बनाए. वनडे करियर में उनके बल्ले से 8 शतक और 19 अर्धशतक निकले. इस फॉर्मेट में उन्होंने बतौर विकेटकीपर 85 कैच लिए और 38 स्टम्पिंग की.तीसरे वनडे मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 409 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया था. एलिसा हीली ने 158 रन बनाए और बेथ मूनी के साथ मिलकर 145 रनों की साझेदारी भी की.



हीली ने अपनी पारी में 27 चौके और 2 छक्के लगाए. 410 रनों के लक्ष्य का पीछा करने आई टीम इंडिया 224 रनों पर ऑलआउट हो गई. भारत का कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका.

### नन्हे बंदर के वायरल वीडियो ने लोगों की आंखें नम कर दीं

# मासूम पंच की 'घर वापसी'

**इचिकावा चिड़ियाघर के बेबी मंकी 'पंच-कुन' को, जिसे मां के ठुकराने के बाद एक सॉफ्ट टॉय का सहारा लेना पड़ा था, आखिरकार उसके समूह ने अपना लिया है. वयस्क बंदरों द्वारा उसे 'ग्रूम' करने और गले लगाने के वीडियो ने दुनिया भर के लोगों को भावुक कर दिया है.**



सोशल मीडिया इन दिनों जिस बेबी मंकी की चर्चा से भरा हुआ है, वह छोटा सा पंच-कुन है. इंस्टाग्राम खोलते ही उसकी कहानी आपका ध्यान खींच लेती है. एक नन्हा बंदर, जो अपनी मां की गैरमौजूदगी में एक सॉफ्ट टॉय को ही अपना सहारा बना बैठा. जिस तरह वह उस प्लश टॉय से लिपटकर दिलासा ढूंढता था, लोग उसी में अपना बचपन, अकेलापन और अपनापन ढूंढ़ने लगे. रीलें बन रही हैं, पोस्ट शेयर हो रहे हैं, और पंच पूरे इंटरनेट पर प्यार पा रहा है. लेकिन अब इस मासूम की किस्मत ने करवट ले ली है. हाल में सामने आए एक वीडियो ने कहानी का पूरा रंग बदल दिया. दावा किया जा रहा है कि पंच अब अपने समूह में जगह बनाने लगा है. वायरल फुटेज में एक वयस्क बंदर उसे अपनी बांहों में भर लेता है.

यह वही पंच है, जिसे हफ्तों तक सिर्फ एक सॉफ्ट टॉय से चिपके देखकर दुनिया ने दुलार दिया था, और अब उसे असली परिवार जैसा स्पर्श मिल रहा है. वीडियो साझा करने वाले एक्स (X) अकाउंट @डोनडा वाज टेकन ने लिखा- इतनी रिजेक्शन झेलने के बाद आज पहली बार पंच ने सच्चा सुकून महसूस किया. एक वयस्क बंदर ने उसे मजबूती से करीब खींच लिया. एक दूसरी क्लिप में वयस्क बंदर पंच को धीरे-धीरे ग्रूमिंग करता दिखाई देता है. प्राइमेट समाज में यह इशारा किसी इनाम से कम नहीं- यह स्वीकार्यता, भरोसा और सुरक्षा की भाषा है. ⊙




## दिल्ली में घर ढूंढना स्टार्टअप शुरू करने से भी मुश्किल!

दिल्ली में रहने वाली एक महिला ने बताया कि शहर में किराए का घर ढूंढना उनके लिए स्टार्टअप शुरू करने से भी ज्यादा मुश्किल साबित हो रहा है. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर अपनी परेशानी शेयर की और लोगों से सलाह मांगी. Delhi में रहने वाली महिला नैमिषा, जो खुद को एक महिला संस्थापक हैं, ने कहा कि घर ढूंढना उनके लिए फंड जुटाने या टीम संभालने से भी ज्यादा कठिन है. ⊙

# मेट्रो में मारपीट का वीडियो वायरल

राजधानी की मेट्रो में यात्रियों के बीच हुई एक जबरदस्त झगड़े का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है. वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि दो पक्षों के बीच बहस इतनी बढ़ गई कि हाथापाई तक जा पहुंची. इसकी वजह थी मेट्रो में सीट न मिलना. यह घटना को देखकर कई लोग हैरान रह गए. वीडियो में देखा जा रहा है कि मेट्रो के डिब्बे में यात्री सामान्य रूप से यात्रा कर रहे थे, तभी अचानक सीट को लेकर बहस छिड़ गई जो हाथापाई पर पहुंच गई . इस वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर @IK_Nazar अकाउंट से शेयर किया गया है. हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब दिल्ली मेट्रो से



इस तरह के वीडियो सामने आ रहे हैं. इस तरह के वीडियो पहले भी सोशल मीडिया पर कई बार वायरल हो चुके हैं. मेट्रो और अन्य सार्वजनिक परिवहन में यात्रियों के बीच झगड़े और हाथापाई की घटनाएं समय-समय पर सामने आती रहती हैं. ये वीडियो अक्सर यात्रियों और प्रशासन दोनों के लिए चिंता का कारण बनते हैं. ⊙

### JEE टॉपर्स का खुलासा, सफलता के लिए छोड़ा स्मार्टफोन, अपनाया कीपैड फोन

# सफलता के लिए शौक कुर्बान

कहते हैं, कामयाबी हमेशा कुर्बानी मांगती है. सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा एक वीडियो इसे साबित करता है. इस वीडियो में JEE टॉपर्स बेसिक कीपैड फोन इस्तेमाल करते दिखे. वे कहते हैं कि वे सोशल मीडिया से दूर रहते हैं. उनके मुताबिक यह पढ़ाई को भटकाता है.

वीडियो के कैप्शन में भी लिखा था—लक्ष्य हासिल करने के लिए कम से कम एक महीना ऐसे ज़रूर बिताइए. आज के समय में छोटे बच्चे भी स्मार्टफोन और रील्स में खो जाते हैं. लेकिन यह वीडियो लोगों के लिए चौंकाने वाला था. कई लोगों को यकीन नहीं हुआ कि छात्र इतनी सख्ती से स्मार्टफोन से दूर रह सकते हैं. वीडियो में एक व्यक्ति छात्रों से पूछता है कि वे किस तरह



का फोन इस्तेमाल करते थे. छात्र अपने फोन जेब से निकालते हैं. लगभग सभी के पास कीपैड फोन था. इसका मतलब वे तकनीक से दूरी बनाकर पढ़ाई पर फोकस कर रहे थे.सबसे मजेदार पल तब आया. एक छात्र ने मजाक में अपने कीपैड फोन को 'iPhone 19' कहा. यह देखकर लोग हंस पड़े. इस वीडियो को AIIMS के रेडियोलॉजिस्ट डॉ. दत्ता ने भी शेयर किया. उन्होंने कहा कि बड़े लक्ष्य के लिए सोशल मीडिया से दूरी ज़रूरी है. उनका मानना है कि जब ध्यान चाहिए, तब अस्थायी दूरी बहुत फायदा देती है. यह हमेशा मदद करती है. डॉ. दत्ता ने जनवरी 2020 की अपनी निजी घटना बताई. ⊙

# 'घर हिल गया, बच्ची डर गई' विष्णु मांचू ने

# साझा किया मिडिल ईस्ट तनाव का वीडियो

फिल्म कन्नप्पा को लेकर सुर्खियों में रहने वाले तेलुगु अभिनेता विष्णु मांचू ने शनिवार रात दुबई के आसमान में उड़ती मिसाइलों का एक परेशान कर देने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया। अभिनेता इन दिनों अपने परिवार के साथ समय बिताने के लिए दुबई पहुंचे थे, लेकिन क्षेत्र में बढ़ते सैन्य तनाव और हवाई गतिविधियों ने उनके परिवार को दहशत में डाल दिया।विष्णु मांचू ने वीडियो के साथ लिखा कि रात के समय आसमान में मिसाइलें साफ दिखाई दे रही थीं और तेज धमाकों की आवाज़ से उनका घर तक हिल गया। उन्होंने बताया कि इन धमाकों से उनकी छोटी बेटी आयरा डर गई। अभिनेता ने शांति की कामना करते हुए लिखा कि दुनिया में कोई भी बच्चा ऐसा न हो, जिसे अपने घर की छत के ऊपर युद्ध की आवाज़ों के साथ बड़ा होना पड़े।उन्होंने आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यूएई डिफेंस फोर्स का आभार भी जताया। पोस्ट के अंत में विष्णु मांचू ने लिखा कि ऐसे हालात यह याद दिलाते हैं कि ज़िंदगी कितनी नाज़ुक है और हर किसी को शांति व मानवता के लिए प्रार्थना करनी चाहिए। उन्होंने "हर हर महादेव" लिखते हुए अपने संदेश को समाप्त किया।फ्लाइट्स सस्पेंड, दुबई एयरपोर्ट पर फंसे यात्री और सेलिब्रिटीमिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के कारण कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को अस्थायी रूप से रद्द या स्थगित कर दिया गया है। इसका सीधा असर दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर देखने को मिल रहा है, जहां बड़ी संख्या में यात्री फंसे हुए हैं। इन्हीं में बॉलीवुड अभिनेत्री सोनल चौहान भी शामिल हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक स्टोरी साझा कर नरेंद्र मोदी से भारत वापसी में सहायता की अपील की।इसके अलावा, स्टार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु के भी दुबई एयरपोर्ट पर फंसे होने की खबर है। यह स्थिति संयुक्त राज्य अमेरिका, इज़राइल और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य और राजनीतिक तनाव के बीच बनी है।विशेषज्ञों का मानना है कि यदि हालात जल्द सामान्य नहीं हुए तो अंतरराष्ट्रीय हवाई यातायात और प्रभावित हो सकता है। वहीं, दुबई में फंसे यात्रियों और सेलिब्रिटीज़ की सुरक्षित वापसी को लेकर संबंधित एजेंसियां लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।





## लखनऊ में वेज बिरयानी की दुकान के फ्रीजर में

# युवक का शव मिलने से सनसनी

**स्थानीय लोगों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि पुलिस के जाने के बाद कई लोग घटनास्थल पर पहुंचकर फ्रीजर और आसपास की वस्तुओं को छूते रहे, जिससे साक्ष्य प्रभावित हो सकते हैं।**



टीवी भारतवर्ष लखनऊ

लखनऊ के बीकेटी थाना क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया, जब जीसीआरजी कॉलेज के सामने स्थित एक वेज बिरयानी की दुकान के फ्रीजर में 35 वर्षीय युवक का शव मिला। दुकान मालिक शनि रावत के पिता के निधन के कारण दुकान पिछले चार दिनों से बंद थी। रविवार सुबह जब शनि दुकान खोलने पहुंचे तो फ्रीजर के अंदर शव देखकर उनके होश उड़ गए। उन्होंने तुरंत शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के लोग मौके पर जुट गए और पुलिस को सूचना दी गई।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और फ्रीजर से शव को बाहर निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। शव के पास से एक मोबाइल फोन और आधार कार्ड बरामद हुआ, जिसके आधार पर मृतक की पहचान विजय पाल (35) निवासी किशनपुर मजरा मदारीपुर इंदौरा बाग, थाना बीकेटी के रूप में की गई। पुलिस ने मौके की प्रारंभिक जांच कर फ्रीजर के पास क्राइम सीन की पट्टी लगा दी।परिजनों के अनुसार, विजय पाल के पिता का पहले ही निधन हो चुका था। करीब पांच वर्ष पहले उनका पत्नी से अलगाव हो गया था। उनकी एक बेटी है, जो अपनी मां के साथ रहती है। पत्नी से अलगाव के बाद विजय अकेले रहकर मेहनत-मजदूरी से जीवन यापन कर रहे थे। उनके चचेरे भाई भानू ने बताया कि विजय पहले वाई-फाई इंस्टॉलेशन का काम करते थे और कुछ समय दिल्ली में भी कार्य किया, लेकिन लंबे समय से बीकेटी क्षेत्र में ही रह रहे थे। हाल के दिनों में वह शराब का सेवन करने लगे थे। शनिवार को उन्हें घर के पास देखा गया था, जिसके बाद रविवार को पुलिस से उनकी मौत की सूचना मिली।स्थानीय लोगों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि पुलिस के जाने के बाद कई लोग घटनास्थल पर पहुंचकर फ्रीजर और आसपास की वस्तुओं को छूते रहे, जिससे साक्ष्य प्रभावित होने की आशंका है। लोगों का यह भी कहना है कि यदि समय रहते क्षेत्र को पूरी तरह सील किया जाता, तो जांच अधिक प्रभावी हो सकती थी।बताया गया कि दुकान अस्थायी ढांचे में पन्नी और तिरपाल से ढकी हुई थी। अंदर रखा फ्रीजर खराब हालत में था और दुकानदार उसका उपयोग सामान रखने के लिए करता था, जिस कारण उस पर ताला नहीं लगाया जाता था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और फॉरेंसिक रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच जारी है और मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

## होली नजदीक आते ही लखनऊ के बाजारों में रंगों की बहार

टीवी भारतवर्ष लखनऊ

लखनऊ में जैसे-जैसे होली पर्व नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे बाजारों में रौनक भी बढ़ती जा रही है। रंग-गुलाल की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ने लगी है। इस बार बच्चों की पहली पसंद 'कलर फॉग', 'होली पॉप-अप' और नीचे रखकर जलाए जाने वाले ऐसे रंगीन पटाखे हैं, जिनसे सात रंग निकलते हैं। इन नए उत्पादों को खरीदकर बच्चे खुद को किसी सुपरहीरो से कम नहीं समझ रहे हैं। वहीं बड़ों में भगवा रंग का खासा क्रेज देखने को मिल रहा है। बाजार में सबसे अधिक अरारोट से बने रंगों की मांग बताई जा रही है।दुकानदारों के अनुसार इस बार हर्बल रंगों की मांग पिछले वर्षों की तुलना में कहीं अधिक है। ग्राहक न केवल रंगों की गुणवत्ता बल्कि सेहत और सामाजिक सौहार्द का भी ध्यान रख रहे हैं, क्योंकि इस बार रमजान का महीना भी होली के साथ ही चल रहा है। वहीं चिकित्सकों ने साफ तौर पर चेतावनी दी है कि केमिकल युक्त रंग त्वचा और आंखों के लिए नुकसानदायक हो सकते हैं।रंग विक्रेता तुषार सोनकर ने बताया कि इस बार बाजार में कई नए उत्पाद उतारे गए हैं। 'राधा रमन' ब्रांड का कलर फॉग हाथ में पकड़कर जलाने पर रंगीन धुआं छोड़ता है। इसके अलावा होली पॉप-अप भी उपलब्ध है, जो बर्थडे पॉपर्स की तरह रंग उछालता है। नया कलर स्प्रे भी लॉन्च किया गया है, जिसमें अब केवल धुआं ही नहीं बल्कि गुलाल भी निकलता है। अलग-अलग प्रकार के रंग स्प्रे, हर्बल गुलाल के पैकेट और लेटेस्ट डिजाइन के रंग बाजार में आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। दिवाली की तरह जलाए जाने वाले ऐसे रंगीन पटाखे भी उपलब्ध हैं, जिनसे एक साथ सात रंग निकलते हैं।दुकानदार बबलू निषाद ने बताया कि इस समय बाजार में करीब नौ तरह के रंग उपलब्ध हैं। कीमतें फिलहाल पिछले साल जैसी ही हैं, हालांकि त्योहार के अंतिम दिनों में इनमें थोड़ा इजाफा हो सकता है। उन्होंने बताया कि हर्बल और सामान्य दोनों तरह के रंग मौजूद हैं, लेकिन सबसे ज्यादा मांग भगवा रंग की है।

## होली पर लखनऊ में निर्बाध जलापूर्ति के पुख्ता इंतजाम,

# जलकल विभाग ने की व्यापक तैयारियां

टीवी भारतवर्ष लखनऊ

लखनऊ में होली पर्व को देखते हुए नगर निगम लखनऊ के जलकल विभाग ने शहरवासियों को निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। 4 मार्च को होली के दिन शहर के प्रत्येक क्षेत्र में पानी की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है।जलकल विभाग के महाप्रबंधक कुलदीप सिंह ने बताया कि नगर निगम के तीनों जलकल प्लांट, सभी ओवरहेड टैंक और शहर के समस्त नलकूप पूरी तरह से संचालित रहेंगे। होली के दिन सभी जोनों में सुबह 5 बजे से 9 बजे तक नलकूपों से सीधे जलापूर्ति की जाएगी, ताकि लोगों को सुबह के समय किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।उन्होंने बताया कि सभी ओवरहेड टैंकों से दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक तेज प्रेशर के साथ पानी की सप्लाई की जाएगी। इसके अलावा ऐशबाग जलकल, बालागंज जलकल और तृतीय जलकल कठौता से भी निर्धारित समय-सारणी के अनुसार जलापूर्ति की जाएगी।इन जलकल केंद्रों से सुबह 5 बजे से 9 बजे तक, दोपहर 12 बजे से शाम 3 बजे तक तथा शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक पानी उपलब्ध कराया जाएगा। जलकल विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिन स्थानों पर हर वर्ष होली के अवसर पर पेयजल टैंकर लगाए जाते हैं, वहां इस बार भी टैंकरों की व्यवस्था की जाएगी, ताकि किसी भी क्षेत्र में पानी की कमी न होने पाए।कंट्रोल रूम के नंबर जारीहोली के दौरान पानी या सीवर से संबंधित किसी भी



समस्या के त्वरित समाधान के लिए सभी जोनों के अभियंताओं के मोबाइल फोन 24 घंटे सक्रिय रहेंगे। नागरिक जलकल विभाग के कंट्रोल रूम नंबर 8177054100, 8177054003 और 8177054010 पर संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके अलावा सीवर से जुड़ी समस्याओं के लिए सुएज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के टोल फ्री कंट्रोल रूम नंबर 18003130522 पर भी शिकायत की जा सकती है।नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी समस्या की स्थिति में सीधे कंट्रोल रूम से संपर्क करें, ताकि होली पर्व शांतिपूर्ण और सुविधाजनक वातावरण में मनाया जा सके।

## लखनऊ में कुत्तों ने 8 साल की बच्ची को नोच-नोचकर मार डाला

टीवी भारतवर्ष लखनऊ

लखनऊ में आवारा कुत्तों ने 8 साल की बच्ची को नोच-नोचकर मार डाला। बच्ची का खून से लथपथ शव घर से करीब 500 मीटर दूर खेत में मिला। उसका चेहरा पूरी तरह से नुचा हुआ था। जगह-जगह से मांस के लोथड़े लटक रहे थे। घटना रविवार शाम करीब 6 बजे रहीमाबाद थाना क्षेत्र के तरौना गांव में हुई। मृतक की पहचान अंशिका के रूप में हुई। वह कक्षा-1 की छात्रा थी। घर से अकेली निकली थी, तभी कुत्तों ने हमला कर दिया। तरौना गांव की कुछ महिलाएं शाम को खेतों की ओर गई थीं। इस दौरान उन्होंने खेत में किसी को जमीन पर पड़ा हुआ देखा। महिलाएं डर गईं और गांव में आकर लोगों को यह बात बताई। सूचना पर गांववाले लाठी-डंडे लेकर खेत पहुंचे। गांववालों ने देखा कि खेत में अंशिका का खून से लथपथ शव पड़ा है।गांववालों ने बताया कि इसके बाद हम लोगों ने अंशिका के घरवालों को इसकी सूचना दी। घरवाले मौके पर पहुंचे और शव को हम लोगों की मदद से उठाकर घर लाए। साथ ही पुलिस को



सूचना दी। गांववालों ने बताया कि जिस जगह पर अंशिका का शव पड़ा था, वहां से कुछ दूरी पर ही खूंखार कुत्ते झुंड बनाकर बैठे थे। वो कुत्ते पड़ोस के गांव के थे। गांववालों ने बताया कि कुत्ते जब बच्ची को नोच रहे थे तो किसी ने नहीं देखा। लेकिन बच्ची के शव को देखकर साफ लग रहा है कि उसे कुत्तों ने ही नोचा है। बच्ची के चेहरे पर कुत्तों के नोचने के निशान थे। उसका चेहरा पूरी तरह से नोचा हुआ था। जगह-जगह मांस के लोथड़े निकले थे। जिस जगह पर शव मिला, वहां कुत्तों के पंजों के निशान थे।

## लखनऊ एयरपोर्ट पर पकड़ी गई 18 करोड़ की ड्रग्स: बैंकॉक से आए 2 तस्कर गिरफ्तार

टीवी भारतवर्ष लखनऊ

लखनऊ एयरपोर्ट पर 17.95 किलो गांजा (हाइड्रोपोनिक वीड) पकड़ा गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी अनुमानित कीमत करीब 17.96 करोड़ रुपए बताई जा रही है। एआईयू और सीसीएसआई ने 2 ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों के अनुसार, शुक्रवार को बैंकॉक से लखनऊ पहुंची एयर एशिया की फ्लाइट संख्या FD-146 के दो यात्रियों को ग्रीन चैनल पर रोका गया। रात 11:05 बजे पहुंची इस उड़ान के यात्रियों की तलाशी ली गई। उनके सामान की जांच के दौरान गुलाबी और पारदर्शी वैक्यूम-पैक्ड 12 पाउच मिले। इन पाउच में हरे रंग का फूलनुमा पदार्थ भरा था, जिसके गांजा/मारिजुआना (हाइड्रोपोनिक वीड) होने का संदेह है।

## होलिका दहन के लिए नगर निगम लखनऊ की अनोखी पहल

# देसी गाय के गोबर से तैयार लट्ठों की बिक्री शुरू

टीवी भारतवर्ष लखनऊ

होली के पर्व को पर्यावरण के अनुकूल बनाने के उद्देश्य से नगर निगम लखनऊ ने इस बार विशेष पहल की है। होलिका दहन के लिए देसी गाय के गोबर से बने लट्ठे तैयार कराए गए हैं, जिन्हें शहरवासियों के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। नगर निगम इन लट्ठों की बिक्री ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से करने के साथ-साथ ऑफलाइन केंद्रों पर भी कर रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस सुविधा का लाभ उठा सकें।नगर निगम प्रशासन के अनुसार, यदि कोई व्यक्ति 200 से अधिक लट्ठों की खरीद करता है तो उसे मुफ्त होम डिलीवरी की सुविधा भी दी जाएगी। इस व्यवस्था का उद्देश्य सामूहिक होलिका दहन कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करना और लकड़ी के उपयोग को कम करना है, जिससे पेड़ों की कटाई पर रोक लगाई जा सके।पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा ने बताया कि देसी गाय के गोबर से बने लट्ठों के दहन से वातावरण शुद्ध और पवित्र होता है। इससे प्रदूषण का स्तर अपेक्षाकृत कम रहता है और पारंपरिक मान्यताओं के अनुसार यह सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। उनका कहना है कि यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि लोगों को प्राकृतिक और पारंपरिक विकल्प अपनाने के लिए भी प्रेरित करेगी।नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि भविष्य में भी ऐसे पर्यावरण हितैषी उत्पादों को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि वे इस होली पर हरित और सुरक्षित तरीके से पर्व मनाकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें।



# उन्नाव में संयुक्त शिक्षक संगठनों की बैठक

## 9 से 15 मार्च तक पोस्टकार्ड अभियान चलाने का संकल्प



उन्नाव में अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के आह्वान पर रविवार को निराला उद्यान में संयुक्त शिक्षक संगठनों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद स्तर पर प्रस्तावित पोस्टकार्ड अभियान को व्यापक और प्रभावी रूप से संचालित करने का संकल्प लिया गया। इसमें विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों और शिक्षकों ने अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप देने पर सहमति व्यक्त की।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यह पोस्टकार्ड अभियान 9 मार्च से 15 मार्च 2026 तक विशेष प्राथमिकता के साथ चलाया जाएगा। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि इसे केवल एक औपचारिक कार्यक्रम न मानकर शिक्षकों और कर्मचारियों की जनभावनाओं को व्यक्त करने का एक सशक्त माध्यम बनाया जाएगा। अभियान के जरिए शिक्षक अपनी मांगों और विचारों को सीधे संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाएंगे।अभियान की तैयारियों की जानकारी देते हुए संजय कनौजिया ने बताया कि पर्याप्त संख्या में पोस्टकार्ड क्रय कर उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक शिक्षक, कर्मचारी और उनके परिजन इसमें सक्रिय रूप से भाग ले सकें। उन्होंने कहा कि पोस्टकार्ड की कमी किसी भी स्तर पर अभियान की गति को प्रभावित नहीं करेगी।जूनियर शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष कृष्ण शंकर मिश्र ने कहा कि अभियान की विशेषता यह होगी कि सभी शिक्षक अपने विचार अलग-अलग शब्दों में पोस्टकार्ड पर लिखेंगे। इसमें शिक्षकों के परिवार के सदस्य भी अपनी भावनाएं व्यक्त करेंगे, जिससे यह पहल और अधिक व्यापक तथा प्रभावशाली बनेगी।अटेवा के अर्पित मिश्र ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पोस्टकार्ड संबंधित अधिकारियों को प्रेषित किए जाएंगे। इसके साथ-साथ एक समानांतर ईमेल अभियान भी चलाया जाएगा। इसके लिए एक मुख्य ईमेल आईडी साझा की जाएगी, ताकि डिजिटल माध्यम से भी अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि पारंपरिक और डिजिटल दोनों माध्यमों का समन्वय अभियान की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के संजीव संखवार और प्रदीप वर्मा ने डिजिटल प्लेटफॉर्म के अधिकतम उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया, व्हाट्सऐप समूह और अन्य ऑनलाइन माध्यमों से अभियान को नई गति दी जा सकती है। वहीं विशिष्ट बीटीसी के अरुण कुमार ने जानकारी दी कि जागरूकता बढ़ाने के लिए वीडियो, पोस्टर और बैनर तैयार किए जाएंगे, जिन्हें सोशल मीडिया के साथ-साथ विद्यालयों के माध्यम से भी प्रसारित किया जाएगा, ताकि संदेश गांव-गांव तक पहुंच सके।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी होली मिलन समारोह के दौरान "जहाँ भी जाएं, एक पोस्टकार्ड अवश्य साथ ले जाएं" स्लोगन के माध्यम से शिक्षकों को अभियान से जोड़ा जाएगा। इस दौरान पोस्टकार्ड वितरण को विशेष रूप से प्राथमिकता दी जाएगी।सुरेंद्र प्रकाश, अशोक पाल, अनिल कनौजिया, दिलीप, विनीत, अक्षय कटियार, उमेश, शरद, बीरेंद्र और उमेश मौर्य सहित अन्य पदाधिकारियों ने अभियान में अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। बैठक के अंत में सभी ने एकजुट होकर पोस्टकार्ड अभियान को सफल बनाने और शिक्षक हितों की आवाज को मजबूती से उठाने का संकल्प दोहराया।

## उन्नाव में तेज रफ्तार डंपर ने स्कूटी सवार युवक-युवती को कुचला, दोनों की मौके पर मौत

उन्नाव में शनिवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में स्कूटी सवार युवक और युवती की मौके पर ही मौत हो गई। तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आने से दोनों कई मीटर तक पहिए में फंसकर घिसटते चले गए। हादसा इतना भीषण था कि उनके हाथ-पैर और शरीर की कई हड्डियां टूट गईं, जबकि सिर पर गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।यह दुर्घटना जाजमऊ चौकी से करीब 50 मीटर पहले, थाना गंगाघाट क्षेत्र में हुई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त डंपर को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में चालक की लापरवाही सामने आई है।मृतकों की पहचान कानपुर के काकादेव निवासी ज्ञान सिंह सोनकर (28) और बर्रा आठ निवासी भूमिका सिंह (27) के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि ज्ञान सिंह लखनऊ में रहकर एसआई (दरोगा) भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रहे थे और उनकी परीक्षा जल्द होने वाली थी। वहीं भूमिका सिंह ऐरा मेडिकल कॉलेज में जीएनएम की छात्रा थी।परिजनों के अनुसार दोनों होली पर्व मनाने के लिए लखनऊ से कानपुर अपने घर लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। भूमिका के चाचा सुनील पटेल ने बताया कि उनकी भतीजी लखनऊ में पढ़ाई कर रही थी और छुट्टियों में घर आ रही थी। घटना से दोनों परिवारों में कोहराम मचा हुआ है।पुलिस ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही डंपर की तकनीकी जांच भी कराई जा रही है।



## उन्नाव में पुलिस प्रशासन का बड़ा फेरबदल

### 11 निरीक्षक व उपनिरीक्षकों का तत्काल स्थानांतरण

उन्नाव पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने जनहित और प्रशासनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए 11 निरीक्षक एवं उपनिरीक्षकों के तत्काल प्रभाव से स्थानांतरण के आदेश जारी किए हैं। सभी संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने नवीन तैनाती स्थलों पर शीघ्र कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस प्रशासन का कहना है कि यह कदम कार्य व्यवस्था को और अधिक प्रभावी व सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है।जारी आदेश के अनुसार, सीतापुर से आए उपनिरीक्षक अतुल वर्मा को उन्नाव सदर कोतवाली के अंतर्गत सदर चौकी का प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह के निर्देश पर निरीक्षक राकेश कुमार को थाना बेहटामुजावर से हटाकर अतिरिक्त निरीक्षक, थाना बांगरमऊ के पद पर तैनात किया गया है।अन्य स्थानांतरणों में उपनिरीक्षक अतुल कुमार वर्मा को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी सदर, थाना कोतवाली में भेजा गया है। उपनिरीक्षक अजय कुमार मिश्रा को पुलिस लाइन से थाना बेहटामुजावर में तैनाती दी गई है, जबकि उपनिरीक्षक साधुरण को थाना अचलगंज भेजा गया है। इसी प्रकार उपनिरीक्षक अंसार हुसैन रिजवी को थाना बांगरमऊ और उपनिरीक्षक महताब सिंह को थाना बारासगवर में नियुक्त किया गया है।इसके अतिरिक्त, उपनिरीक्षक शिव बहादुर राव को पुलिस लाइन से थाना बीघापुर भेजा गया है। उपनिरीक्षक मो. आरिफ को थाना कोतवाली, उपनिरीक्षक रमेश सिंह सागर को थाना पुरवा तथा उपनिरीक्षक विद्या सागर शुक्ल को थाना गंगाघाट में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं उपनिरीक्षक अंजनी कुमार सिंह को थाना अचलगंज से हटाकर पुलिस लाइन स्थानांतरित किया गया है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ये तबादले पूरी तरह से प्रशासनिक हित और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के उद्देश्य से किए गए हैं। विशेष रूप से आगामी होली पर्व को देखते हुए संवेदनशील इलाकों और प्रमुख थानों में अनुभवी अधिकारियों की तैनाती की गई है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से सख्ती और तत्परता से निपटा जा सके। प्रशासन का मानना है कि इस फेरबदल से पुलिसिंग व्यवस्था अधिक मजबूत होगी और आम जनता को बेहतर सुरक्षा एवं सेवा उपलब्ध कराई जा सकेगी।



## रमजान और होली को लेकर उन्नाव में हाई अलर्ट शांति व्यवस्था के लिए पुलिस की पैदल गश्त और सघन निगरानी

उन्नाव में रमजान माह और आगामी होली पर्व को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह के निर्देश पर पूरे जनपद में विशेष सतर्कता अभियान चलाया जा रहा है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके।इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह ने प्रभारी निरीक्षक गंगाघाट और पुलिस बल के साथ थाना गंगाघाट क्षेत्र के प्रमुख बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पैदल गश्त की। गश्त के दौरान पुलिस अधिकारियों ने व्यापारियों, स्थानीय नागरिकों और युवाओं से संवाद कर उन्हें त्योहारों को आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की।पैदल गश्त के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन चेकिंग की गई। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि अफवाह फैलाने, सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाएं प्रसारित करने या किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि में शामिल पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी विशेष निगरानी रखी जा रही है।पुलिस प्रशासन के अनुसार, जनपद में इस वर्ष लगभग 3600 स्थानों पर होलिका दहन प्रस्तावित है। इतने बड़े पैमाने पर होने वाले आयोजनों को देखते हुए संवेदनशील और अति संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर ली गई है। इन इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की रणनीति बनाई गई है। प्रत्येक होलिका दहन स्थल पर स्थानीय पुलिस की निगरानी रहेगी, जबकि पीआरवी और मोबाइल टीमें लगातार गश्त करती रहेंगी। त्योहारों के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए प्रमुख चौराहों और संवेदनशील मार्गों पर अतिरिक्त पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। वहीं रमजान माह को ध्यान में रखते हुए मस्जिदों और नमाज स्थलों के आसपास भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, ताकि श्रद्धालु शांतिपूर्वक इबादत कर सकें।



## कानपुर-उन्नाव हाईवे पर दो डंपरों की भिड़ंत से लंबा जाम, घंटों फंसे रहे सैकड़ों वाहन

कानपुर-उन्नाव हाईवे पर रविवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब कनोडिया पेट्रोल पंप के सामने दो डंपरों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद कानपुर की ओर करीब छह किलोमीटर लंबा जाम लग गया। सुबह करीब 9 बजे से ही छोटे-बड़े वाहन सड़क पर रेंगते नजर आए और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।हादसे की सूचना मिलते ही उन्नाव और कानपुर पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात बहाल कराने के प्रयास शुरू किए। यातायात इंस्पेक्टर सतेंद्र पाल ने बताया कि दुर्घटना उन्नाव क्षेत्र में होने के कारण कानपुर की ओर यातायात का दबाव अचानक बढ़ गया, जिससे स्थिति और बिगड़ गई। उन्नाव पुलिस ने करीब ढाई घंटे की मशक्कत के बाद क्रेन की मदद से दोनों क्षतिग्रस्त डंपरों को हाईवे से हटवाया।डंपर हटने के बाद यातायात धीरे-धीरे बहाल हो सका, लेकिन इस दौरान कानपुर से उन्नाव जाने वाली लेन में भारी वाहन घंटों तक फंसे रहे। कई बसों और ट्रकों की लंबी कतारें लग गईं। जाम में फंसे यात्रियों ने बताया कि वे सुबह से ही सड़क पर अटके हुए थे। झकरकटी से लखनऊ जाने वाले यात्रियों को रामादेवी से नाजमऊ गंगापुल पहुंचने में ही दो घंटे से अधिक समय लग गया।



## उन्नाव में शिया जामा मस्जिद में मजलिस व शोक सभा, अंतरराष्ट्रीय हालात पर जताई चिंता

उन्नाव के चौधराना स्थित शिया जामा मस्जिद में रविवार को एक मजलिस और शोक सभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता आयतुल्ला अली ख़ामनाई से जुड़ी हालिया अंतरराष्ट्रीय घटनाओं के संदर्भ में आयोजित किया गया, जिसमें शिया समुदाय के लोगों ने दुख और चिंता व्यक्त की।मजलिस में बड़ी संख्या में शिया समुदाय के लोग शामिल हुए और आयतुल्ला अली ख़ामनाई को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरुआत तिलावत-ए-कुरआन से हुई। इसके बाद पेश इमाम मौलाना रज़ा अब्बास और मौलाना आबिद अब्बास ने तकरीर करते हुए उनके धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उलेमा ने मुस्लिम जगत में उनकी प्रभावशाली भूमिका और वैश्विक मुद्दों पर उनके स्पष्ट रुख का उल्लेख किया।वक्ताओं ने मौजूदा अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों पर चिंता जताते हुए शांति, इंसाफ और मानवता के लिए दुआ की अपील की। मजलिस के दौरान विशेष दुआ और फातिहा पढ़ी गई। शोक सभा में शामिल लोगों ने वैश्विक स्तर पर जारी संघर्षों पर दुख व्यक्त करते हुए अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने की आवश्यकता पर बल दिया।कार्यक्रम शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। मस्जिद प्रबंधन समिति ने व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्वयंसेवकों की तैनाती की थी और स्थानीय प्रशासन को पूर्व सूचना दी गई थी। अंत में देश और दुनिया में शांति व सद्भाव के लिए सामूहिक दुआ के साथ मजलिस का समापन किया गया।

# होली से पहले प्रीपेड मीटरों में तकनीकी गड़बड़ी

## हजारों उपभोक्ताओं की बिजली कटी, जांच की उठी मांग

**इस मामले में उपभोक्ताओं का यह भी कहना है कि शिकायत दर्ज कराने के बावजूद उन्हें समय पर समाधान नहीं मिला। कई लोगों को घंटों तक कस्टमर केयर से संपर्क करने की कोशिश करनी पड़ी, लेकिन स्पष्ट जवाब नहीं मिल सका।**



**टीवी भारतवर्ष यूपी**

होली के ऐन पहले हुई इस कार्रवाई से हजारों उपभोक्ता प्रभावित हुए हैं. परिषद के मुताबिक सबसे ज्यादा दिक्कतें नोएडा और गाजियाबाद में सामने आई हैं. कई उपभोक्ताओं ने शिकायत की कि मीटर रीचार्ज करने के बावजूद उन्हें बैलेंस अपडेट नहीं मिला और खाते में राशि माइनस दिखाई गई. परिषद का कहना है कि तकनीकी खामियों के कारण वास्तविक पॉजिटिव बैलेंस वाले उपभोक्ताओं के भी कनेक्शन काट दिए गए. उपभोक्ताओं को अचानक बिजली कटौती का सामना करना पड़ा, जिससे त्योहार की तैयारियों पर सीधा असर पड़ा.राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने पूरे मामले की जांच की मांग की है. परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि त्योहार से ठीक पहले इस तरह की सख्ती नहीं की जानी चाहिए थी. उनका कहना है कि पावर कॉरपोरेशन को पहले अपने सिस्टम की खामियां दूर करनी चाहिए थीं. उन्होंने इसे उपभोक्ताओं के साथ अन्याय बताया और याद दिलाया कि जन्माष्टमी के दौरान भी प्रीपेड मीटर को लेकर दिक्कतें आई थीं. उस समय योजना को अस्थायी रूप से रोकना पड़ा था. परिषद का कहना है कि बिना सहमति के मीटर को प्रीपेड मोड में बदलना विद्युत अधिनियम के प्रावधानों के खिलाफ है. बिजली की नई दरें तय करने के लिए नियामक आयोग 9 मार्च से सुनवाई करेगा. इस सुनवाई में स्मार्ट मीटर की लागत उपभोक्ताओं से वसूलने के प्रस्ताव का मुद्दा भी उठेगा. परिषद ने इसका विरोध करने की घोषणा की है और तथ्यात्मक प्रतिवाद प्रस्तुत करने की बात कही है. परिषद के अनुसार केंद्र सरकार ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर योजना के लिए 18,885 करोड़ रुपये अनुमोदित किए थे, जबकि पावर कॉरपोरेशन ने 27,342 करोड़ रुपये में टेंडर जारी किए. लाइव हिंदुस्तान के अनुसार, अतिरिक्त राशि का बोझ उपभोक्ताओं पर डालने का विरोध किया जाएगा. साथ ही उपभोक्ताओं पर 50 हजार करोड़ रुपये बकाया होने का हवाला देते हुए बिजली दरों में कमी का प्रस्ताव भी रखा जाएगा. इस मामले में उपभोक्ताओं का यह भी कहना है कि शिकायत दर्ज कराने के बावजूद उन्हें समय पर समाधान नहीं मिला। कई लोगों को घंटों तक कस्टमर केयर से संपर्क करने की कोशिश करनी पड़ी, लेकिन स्पष्ट जवाब नहीं मिल सका। कुछ क्षेत्रों में स्थानीय बिजली अधिकारियों के कार्यालयों के बाहर उपभोक्ताओं की भीड़ देखी गई। व्यापारियों ने भी चिंता जताई है कि अचानक बिजली कटौती से उनके कारोबार पर असर पड़ा है, खासकर त्योहार के मौसम में जब बिक्री बढ़ने की उम्मीद रहती है। परिषद ने मांग की है कि प्रभावित उपभोक्ताओं के कनेक्शन तुरंत बहाल किए जाएं और भविष्य में ऐसी तकनीकी त्रुटियों को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

## खामेनेई की मौत के बाद यूपी में हाई अलर्ट

**टीवी भारतवर्ष यूपी**

इस्राइल के हमले में ईरान के सर्वोच्च लीडर खामेनेई की मौत के बाद उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट लागू कर दिया गया है। ईरान और खाड़ी देशों पर हमले और युद्ध के हालात के मद्देनजर सभी जिलों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने का निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह मीटिंग में विशेष एहतियात बरतने को कहा है। इसके बाद सभी जिलों को दोबारा आगाह किया गया है। लखनऊ समेत कई जिलों में हो रहे प्रदर्शन पर भी पुलिस के पैनी नजर है। दरअसल, रविवार को सुबह लखनऊ में शिया समुदाय के लोग सड़कों पर उतर आए। रोते बिलखते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। यहां तक कि महिलाएं भी सड़कों पर रोते दिखीं। छोटे इमामबाड़े के पास बड़ी संख्या में शिया समुदाय के लोग एकत्र हो गए। इस्लामिक सेंटर आफ इंडिया के अध्यक्ष एवं इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद ने कहा कि इस्राइल और यूएस ने मिलकर एक स्वतंत्र देश ईरान पर हमला किया, उन्होंने स्कूलों को भी नहीं छोड़ा। इसकी हम निंदा करते हैं। वहीं शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ़ अब्बास नक़वी ने कहा कि खामेनेई दुनिया के सभी मुसलमानों का ख्याल रखने वाले नेता थे। आज पूरी दुनिया ने देख लिया कि इस्राइल और यूएस ने किस तरह दहशतगर्दी फैलाई है।

### वाराणसी में तीन लाख पौधरोपण

## टूट गया चीन का वर्ल्ड रिकॉर्ड

**टीवी भारतवर्ष वाराणसी**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पूर्व में गोद लिए गांव डोमरी एक मार्च को इतिहास रचा गया। इस दिन 20 हजार लोग एक साथ पौधरोपण किए। यह कार्यक्रम सुबह 8 बजे से करीब एक घंटे तक 350 बीघा जमीन पर चला। लगभग तीन लाख पौधे रोपे गए। यह कार्यक्रम वर्ल्ड रिकॉर्ड बन गया। जिला प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने बीते शनिवार को मेयर अशोक तिवारी और नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल के साथ निरीक्षण कर तैयारियां देखीं थीं। पौधरोपण के बाद सर्किट हाउस में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसका प्रस्तुतिकरण देखेंगे। इसके बाद रविवार को मेयर ने बताया कि पीएम मोदी ने 'एक पेड़ मां के नाम' से आह्वान किया था। यह वर्ल्ड रिकॉर्ड उसकी अभियान की बानगी है। खबर लिखे जाने तक दो लाख 35 हजार पौधरोपण किए जा चुके थे। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने बताया कि इस प्रोजेक्ट के लिए मध्यप्रदेश की एमबीके संस्था के साथ समझौता किया गया है। यह तीसरे वर्ष से निगम को दो करोड़ रुपये की आय देगी और सातवें वर्ष तक वार्षिक आय सात करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है।




## प्रयागराज में IIT छात्र की संदिग्ध मौत

## कुर्सी पर शव, माथे में मारी गोली

**टीवी भारतवर्ष प्रयागराज**



उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से 22 साल के आईटीआई छात्र की मौत हो गई. इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी मच गई है. मृतक छात्र साहिल एक प्राइवेट स्कूल में रहकर पढ़ाई करता था. यह स्कूल उसके फूफा लक्ष्मीकांत तिवारी उर्फ अनिल तिवारी के गांव में था. पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है. ये घटना घूरपुर थाना क्षेत्र के चक गौरीशंकर नीबी गांव की बताया जा रही है. मृतक साहिल लालपुर थाना क्षेत्र के गोबरा तरहार गांव का रहने वाला था और एक प्राइवेट स्कूल में रहकर पढ़ाई कर रही है. शुक्रवार सुबह स्कूल के कमरे में साहिल का खून से लथपथ शव मिला. साहिल के पिता रेवती रमण शुक्ला किसान हैं. पुलिस जब छात्र के कमरे में पहुंची तो साहिल एक कुर्सी पर बैठा हुआ था और उसके एक हाथ में 315 बोर का तमंचा था जिसमें खोखा फंसा हुआ था. साहिल के दोनों पैर सामने की कुर्सी पर थे और एक जिंदा कारतूस भी रखा था. साहिल के माथे पर एकदम करीब से गोली लगी हुई थी. जिससे साहिल के सिर का एक हिस्सा निकलकर जमीन पर पड़ा था. उसके कान में इयरबड लगा था जिसे लग रहा था कि वह किसी से बातचीत कर रहा था.